**Series : 2EHFG**

**SET ~ 1**

प्रश्न-पत्र कोड **4/2/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v)* ***खण्ड ग** पाठ्य-पुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(vii)* *यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड क
## (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

गाँधीजी ने संसार को जो संदेश दिया था, वह सर्वोदय का संदेश था। उस संदेश की जितनी पहले आवश्यकता थी, उतनी ही आज भी है। गाँधीजी ने अपने जीवन-काल में न केवल वाणी और लेखनी द्वारा, बल्कि अपने आचरण द्वारा भी उस महान संदेश का प्रचार किया था।

गाँधीजी ने इस पर ख़ूब जोर दिया था कि किसी अच्छे उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अशुद्ध साधनों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने हमें सिखाया था कि अशुद्ध साधनों द्वारा उत्तम उद्देश्य हासिल नहीं किया जा सकता। यही कारण था कि उन्होंने देश की स्वतंत्रता के श्रेष्ठ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हिंसात्मक और आतंकवादी कार्रवाइयों का त्याग करने और सत्य तथा अहिंसा का मार्ग अपनाने की सलाह दी है। इसका परिणाम हम अपनी आँखों से देख चुके हैं। व्यवहार में यह रास्ता ज्यादा सीधा और सरल साबित हुआ। कम-से-कम हानि उठाकर हमने अपनी स्वतंत्रता हासिल की और जो कल तक हमारे विरोधी थे, वही हमारे मित्र बन गए हैं। इसके विपरीत यूरोप के पिछले दो महायुद्धों के उदाहरण भी हमारे सामने हैं। इन महायुद्धों में जन-धन का भयंकर विनाश हुआ, वह तो हुआ ही; उन नैतिक मूल्यों का भी ह्रास हो गया, जिनके कारण मनुष्य मनुष्य कहलाने का अधिकारी होता है। वे समस्याएँ आज भी बनी हुई हैं जिन्हें हल करने के लिए महायुद्ध लड़े गए थे। अत: सर्वोदय सम्मेलन में साधनों की शुद्धता पर जो बल दिया गया है, वह सर्वथा उचित है।

(i) 'गाँधीजी ने अपने आचरण द्वारा भी उस महान संदेश का प्रचार किया था।' – पंक्ति में किस महान संदेश की ओर संकेत किया गया है ? *1*

(A) सत्य और अहिंसा का संदेश
(B) सर्वोदय का संदेश
(C) शुभ आचरण का संदेश
(D) नैतिक मूल्यों का संदेश

(ii) 'गाँधीजी के भौतिक रूप से हमारे बीच उपस्थित न रहने' – से क्या अभिप्राय है ? *1*

(A) आत्मिक रूप से उपस्थित न होना
(B) सैद्धांतिक रूप से उपस्थित न होना
(C) प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित न होना
(D) मानसिक रूप में उपस्थित न होना

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : सर्वोदय के संदेश की दुनिया को जितनी आवश्यकता पहले थी, उतनी ही आवश्यकता आज भी है।

*कारण* : समाज में विद्यमान समस्याओं के मूल रूप में पहले से अब तक विशेष अंतर नहीं आया है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(iv) देश की स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गाँधीजी ने किस मार्ग को अपनाने की सलाह दी और क्यों ? *2*

(v) स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गाँधीजी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के क्या परिणाम निकले ? *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

पीने के पानी की समस्या दिनोंदिन भयावह रूप लेती जा रही है। इसका मुख्य कारण पारंपरिक जल स्रोतों का लगातार सूखते जाना, ज़मीन के अंदर जल स्तर का नीचे जाना और जल स्रोतों का प्रदूषित होना है। यही कारण है कि जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है लोगों को पीने के पानी की कमी होती जा रही है और यह समस्या सिर्फ़ शहरों में ही नहीं बल्कि गाँवों में भी अपने पाँव पसार रही है।

नदियाँ और ज़मीन के भीतर का जमा जल ही मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक जल स्रोत हैं। लेकिन बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने से पहाड़ों पर जमी बर्फ अब जल्दी पिघलने लगी है, जिससे नदियों में वर्षभर पानी नहीं आ पाता। बरसात की कमी या वर्षा जल का सही संरक्षण न हो पाने के कारण एक ओर ज़मीन उचित मात्रा में जल सोख नहीं पाती तो दूसरी ओर आधुनिक संयंत्रों से धरती और नदी के जल का अधिक दोहन होने लगा है। हर साल ज़मीन के नीचे जितना जल संचय नहीं होता उससे अधिक पानी खींच लिया जाता है। इस तरह सदियों से संचित जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। सरकार अब वर्षा जल के संग्रहण के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है, जिसे 'जल-खेती' के नाम से जाना जाता है। वर्षा-जल संग्रहण, पारंपरिक जल स्रोतों के दोहन और जल प्रदूषण पर रोक लगाकर ही इसका समाधान किया जा सकता है।

(i) गद्यांश के आधार पर पीने के पानी की समस्या का भयावह रूप धारण करने का कारण ***नहीं*** है : *1*

(A) पारंपरिक जल स्रोतों का सूखते जाना

(B) भू-जल स्तर का निरंतर कम होना

(C) जल स्रोतों का दिनोंदिन प्रदूषित होना

(D) वैश्विक स्तर पर जलवायु में परिवर्तन होना

(ii) निम्नलिखित कथन और परिणाम को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : संचित जल से अधिक भू-जल विभिन्न माध्यमों से निकाला जा रहा है।

*परिणाम* : भू-जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जाता जा रहा है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन परिणाम ग़लत है।

(B) कथन और परिणाम दोनों सही हैं।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन परिणाम सही है।

(D) कथन और परिणाम दोनों ग़लत हैं।

(iii) 'जल-खेती' से अभिप्राय है : *1*

(A) जल का संग्रहण (B) जल का संरक्षण

(C) जल के लिए खेती (D) जल में खेती

(iv) वैश्विक तापमान में वृद्धि का क्या दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है ? *2*

(v) धरती के जल स्तर में आने वाली गिरावट के कारणों की समीक्षा कीजिए। *2*

## खण्ड ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) किसी भी वाक्य में क्रिया-पदबंध की पहचान कैसे होती है ?

(ख) 'हरिहर के परिवार के पास कुल साठ बीघे खेत हैं।' – वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ग) 'मास्टर साहब ने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था।' – वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(घ) 'समुद्र तले सूरज डूबता जा रहा था।' – वाक्य में से क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए।

(ङ) 'वे दफ़्तर के सामने की ओर चले आए।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में किस प्रकार रूपांतरित किया जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) 'तताँरा की आँखें व्याकुल थीं और वामीरो को ढूँढ़ रही थीं ।' – सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) 'कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे ।' – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(घ) 'बच्चे अभी छोटे हैं और उनको खिलाने-पिलाने की ज़िम्मेदारी बड़े कबूतरों की है ।' – मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ङ) खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर खामोश और उदास बैठे रहते हैं । – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) अव्ययीभाव समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(ख) 'अपने ही विषय में सोचना पशुओं की प्रवृत्ति है ।' वाक्य में रेखांकित पदों के स्थान पर एक समस्तपद लिखकर समास का भेद लिखिए।

(ग) 'दोपहर' समस्तपद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।

(घ) 'दाल-भात' समस्तपद किस समास का उदाहरण है और क्यों ?

(ङ) बहुव्रीहि और कर्मधारय समास में क्या अंतर है ?

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है कि जो चाहे पढ़ ले ।' – वाक्य में से मुहावरा चुनकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ख) 'उचित-अनुचित का निर्णय लेना' – अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए।

(ग) 'राह न सूझना' – मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(घ) 'अध्यापक की अनुपस्थिति में विद्यार्थियों ने ____________ लिया ।' – उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ङ) 'एड़ी चोटी का जोर लगाना' मुहावरे के अर्थ को व्यक्त करने वाला कोई अन्य मुहावरा लिखिए।

## खण्ड ग

### (पाठ्य-पुस्तक)

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ – 'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई ? मुझे देखिए, मजे से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ।' लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा। भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा। आज़ादी से खेलकूद में शरीक होने लगा। दिल मज़बूत था। अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा – 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया। मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ जाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था।

(i) 'मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया।' – इस कथन में किस 'अंतर' की बात कही जा रही है ?

- (A) आयु
- (B) कक्षा
- (C) अनुभव
- (D) कद-काठी

(ii) बड़े भाई को आड़े हाथों लेने का विचार छोटे भाई के मन में क्यों आया ?

- (A) बड़े भाई साहब के लगातार दो बार कक्षा में फ़ेल होने के कारण
- (B) बड़े भाई साहब के फ़ेल होने और स्वयं के कक्षा में प्रथम आने के कारण
- (C) खेलते-कूदते हुए भी कक्षा में अव्वल आने के कारण
- (D) अपने भीतर बढ़ते अभिमान और आत्मसम्मान के कारण

(iii) प्रस्तुत गद्यांश की भाषा है :

- (A) तत्सम शब्दावली से युक्त
- (B) लोकोक्तियों से युक्त
- (C) देशज शब्दावली से युक्त
- (D) मुहावरों से युक्त

(iv) वार्षिक परीक्षा परिणाम का छोटे भाई पर क्या प्रभाव पड़ा ? इस प्रश्न का उत्तर उचित विकल्प का चयन कर दीजिए :

I. अपनी ही दृष्टि में अभिमान और सम्मान बढ़ने लगा।

II. बड़े भाई को अपमानित करने की योजना बनाने लगा।

III. बड़े भाई के साथ ज्यादा समय व्यतीत करने लगा।

IV. खेल-कूद में ज्यादा समय व्यतीत करने लगा।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) I और II दोनों

(C) I और IV दोनों

(D) II और III दोनों

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : बड़े भाई की फज़ीहत करने का विचार लेखक को लज्जास्पद लगा।

*कारण* : वार्षिक परीक्षा में फेल होने के कारण वे दुखी और उदास थे।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**8.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को मनाए जाने के विषय में घर-घर जाकर क्यों समझाया जा रहा था ?

(ख) 'क्रोध का परिणाम विनाशकारी होता है।' 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(ग) 'ये वज़ीर अली आदमी है या भूत' – लेफ्टीनेंट ने वज़ीर अली के विषय में ऐसा क्यों कहा ? 'कारतूस' एकांकी के संदर्भ में लिखिए।

(घ) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित 'तीसरी क़सम' फ़िल्म को प्रदर्शित करने के लिए वितरक क्यों नहीं मिल रहे थे ?

**9.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों-से सुन्दर
झरते हैं झाग भरे निर्झर !

गिरिवर के उर से उठ-उठ कर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंता पर।

(i) झरने पर्वतों के यश का गुणगान क्यों कर रहे हैं ?

(A) प्रसन्नता अभिव्यक्त करने के लिए
(B) उनका आभार प्रकट करने के लिए
(C) पर्वतों की महानता दर्शाने के लिए
(D) जोश, उमंग, उत्साह प्रकट करने के लिए

(ii) 'मद में नस-नस उत्तेजित कर' – पंक्ति के संदर्भ में बताइए, किसकी नस-नस मद में उत्तेजित होने की बात कही जा रही है ?

(A) कवि की
(B) पर्वतों की
(C) झरनों की
(D) वृक्षों की

(iii) पर्वतों पर लगे वृक्ष किसे छूना चाहते हैं ?

(A) आकाश की ऊँचाई को
(B) पर्वतों की ऊँची चोटी को
(C) पर्वतों की गहराई को
(D) झरनों के सौंदर्य को

(iv) पर्वत शिखरों पर लगे वृक्षों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

I. वृक्ष पर्वतों के हृदय में उठने वाली उच्चाकांक्षाओं के मूर्त रूप हैं।

II. वृक्ष साधकों की भाँति गंभीर चिंतन में लीन हैं।

III. वृक्ष अनहोनी की आशंका से आकाश की ओर झाँक रहे हैं।

IV. वृक्ष वर्षा की आशा से आकाश की ओर ताक रहे हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I
(B) केवल III
(C) I और II दोनों
(D) III और IV दोनों

(v) काव्यांश के संदर्भ में 'अनिमेष' शब्द का अर्थ निम्नलिखित में से ***नहीं*** है :

(A) एकटक
(B) निरंतर
(C) स्थिर दृष्टि
(D) निर्लिप्त

**10.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'मीराबाई' के पद के आधार पर लिखिए कि अभीष्ट की प्राप्ति के लिए वह सेविका बनने के लिए भी क्यों तैयार है।

(ख) 'मनुष्यता' कविता के संदर्भ में लिखिए कि पशु-प्रवृत्ति क्या है। पशु-प्रवृत्ति मानव के लिए निंदनीय क्यों है ?

(ग) तोप अपना महत्त्व किस रूप में बताती है ? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर लिखिए कि युवावस्था की सार्थकता किसमें है और क्यों ?

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'जीवन के व्यावहारिक ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पुस्तकीय ज्ञान से अधिक अनुभव की आवश्यकता है।' 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में वर्णित लेखक के ग्रीष्मावकाश व्यतीत करने के तरीकों में और आपके तरीकों में क्या अंतर है ?

(ग) 'टोपी शुक्ला' कहानी में एक छोटे बच्चे द्वारा 'अम्मी' कहे जाने पर टोपी के घरवालों की प्रतिक्रिया पर आपके क्या विचार हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

## खण्ड घ

## (रचनात्मक लेखन)

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पर्वतीय यात्रा के दौरान अचानक बर्फ़बारी का होना

- पर्वतीय यात्रा का परिचय
- बर्फ़बारी का अनुभव और कठिनाई
- अविस्मरणीय स्मृति

(ख) ऑनलाइन बैंकिंग

- अभिप्राय
- घर बैठे सुविधाएँ
- प्रयोग में सावधानी

(ग) खेलों का बदलता स्वरूप

- पारंपरिक खेल
- वर्तमान समय में खेल
- लाभ-हानि

**13.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(क) आपका नाम अक्षत/अक्षिता है। आपका चयन अंतर्राष्ट्रीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए हो गया है। विदेशी टीम के साथ मैच खेलने जाने के लिए आपको दो सप्ताह के अवकाश की आवश्यकता है। अवकाश हेतु निवेदन करते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ख) 'विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मोह' – विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। आपका नाम अक्षत/अक्षिता है। आप क.ख.ग. नगर दिल्ली के/की निवासी हैं।

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए : *4*

(क) आप अमृत/अमृता हैं । आप अपनी सोसाइटी की जन-कल्याण समिति के सचिव हैं । ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों के लिए सोसाइटी के तरण-ताल में नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है । इस विषय में सोसाइटी वालों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) आपका नाम अमृत/अमृता है । आप अपने विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं । विद्यालय प्रशासन द्वारा बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए विद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । छात्रों को इस विषय में जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**15.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए : *3*

(क) आपके पिताजी का तबादला किसी अन्य शहर में हो गया है इसलिए वे अपना घर किराए पर देना चाहते हैं । घर के बारे में जानकारी देते हुए समाचार-पत्र में प्रकाशित करने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से ऊर्जा (बिजली) बचाने हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** (क) भीषण गर्मी के चलते जिला अधिकारी (मजिस्ट्रेट) के निर्देशानुसार विद्यालय प्रशासन ने विद्यालय की कक्षाएँ आगामी एक सप्ताह ऑनलाइन चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अभिभावकों को जानकारी देने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल विद्यालय की वेबसाइट पर डालने हेतु तैयार कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "रोहित के पिताजी शहर के प्रसिद्ध व्यापारी थे । धनाढ्य लोगों में उनकी गिनती थी लेकिन …………" इस पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। *5*